राजस्थान विश्वविद्यालय,
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर–302004

क्रमांकः उ.कु./गोप. प्रथम/2024/ दिनांकः

प्राचार्य/प्राचार्या/केन्द्राधीक्षक,
प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र,
राजस्थान विश्वविद्यालय,
जयपुर।

विषयः स्नातक सेमेस्टर प्रथम एवं द्वितीय (स्वयंपाठी) परीक्षा–2024 की प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न करवाने बाबत्।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अनुरूप विश्वविद्यालय द्वारा जारी पाठ्यक्रम एवं दिशा–निर्देशों का भली–भांति अवलोकन कर स्नातक सेमेस्टर प्रथम एवं द्वितीय के स्वयंपाठी छात्रों के माह जून, 2024 की प्रायोगिक परीक्षाऐं सम्पन्न कर अंक परीक्षा पोर्टल www.univraj.org पर College Panel के माध्यम से दिनांक 20.07.2024 से 31.07.2024 तक अपलोड किया जाना अनिवार्य है।

उक्त अवार्ड्स की हॉर्डकॉपी दिनांक 10.08.2024 तक आवश्यक रूप से गोपनीय अनुभाग को भिजवाये। यदि आपके केन्द्र/महाविद्यालय द्वारा किसी भी स्वयंपाठी छात्रों के अंकों को New TRF करके दर्ज किया जाता है तो उन छात्रों की सूची अनिवार्य रूप से कार्यालय को पत्र के माध्यम से प्रेषित करें। केन्द्र/महाविद्यालय द्वारा किसी भी स्वयंपाठी छात्रों के अंकों को मैनुअल/ऑफलाइन भेजे जाते हैं, तो ऐसे अंकों को विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकार नहीं करते हुये इनका परीक्षा परिणाम अनुपस्थित मानकर घोषित कर दिया जावेगा। इसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन मान्य नहीं होगा तथा विश्वविद्यालय द्वारा इस संदर्भ में कोई पत्र व्यवहार नहीं किया जावेगा। साथ ही प्रायोगिक परीक्षा से संबंधित आवश्यक दिशा–निर्देश हेतु वेबसाइट www.uniraj.ac.in पर पत्रांक उ.कु. (गोप.)/2024/656 दिनांक 09.05.2024 का अवलोकन करें।

भवदीय,
Sd
परीक्षा नियंत्रक

क्रमांकः उ.कु./गोप. प्रथम/2024/2302–2310 दिनांकः 19.7.24

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. प्रो. जी.पी. सिंह, निदेशक (अकादमिक), रा.वि.वि., जयपुर।
2. प्रो0 एस.के. गुप्ता, संयोजक, एन.ई.पी., रा.वि.वि., जयपुर।
3. निदेशक, इन्फोनेट सेन्टर, रा.वि.वि., जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रसारित करवाने का श्रम करावे।
4. उप–कुलसचिव (परीक्षा/नामांकन/शैक्षणिक–प्रथम), रा.वि.वि., जयपुर।
5. जन संपर्क अधिकारी, रा.वि.वि., जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त सूचना को समाचार–पत्रों में प्रसारित करवाने का श्रम करावे।
6. वरिष्ठ निजी सहायक, कुलपति/कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक, रा.वि.वि., जयपुर।
7. सम्बन्धित कम्प्यूटर फर्म को प्रेषित कर लेख है उक्त सूचना को परीक्षा पोर्टल पर अपलोड करने का श्रम करें।

19.7.2024
उप कुलसचिव
(परीक्षा गोपनीय)